Doon Valley Officers Cooperative Housing Society Limited

(Regd. Under Co-operative Societies Act II of 1912, Red. No. 723 dated 07-06-1966)

Vasant Vihar, Chakrata Road,
Dehradun. 7668441801

Ref.No:- 0966/DVOCHSL/61 Date: 09 Sept 2022

प्रति

समस्त सदस्यगण
DVOCHSL, वसन्त विहार,
देहरादून

1. प्रबन्धन कमेटी की बैठक दिनांक 13 अगस्त 2022, प्रस्ताव क्रमांक 4 (ए), (बी) और (सी) में लिये गये निर्णय अनुसार निम्न निर्देश जारी किये जाते हैं:–

(अ) **भवन निर्माण कार्य के दौरान समिति की सम्पत्ति को हुयी क्षति की मरम्मत हेतु सुरक्षा निधि.** समिति क्षेत्र में निर्माण सामग्री के भारी वाहनों के कारण कई जगह रोड, पाईपलाईन तथा फुटपाथ क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण सदस्यों द्वारा गृह निर्माण ठेकेदार पर नियन्त्रण नहीं रखना है। अतः आम रहवासियों की सुविधा एवं सोसाइटी की सम्पति (Property) को क्षति से बचाने के उद्देश्य से, भवन निर्माण के पूर्व सदस्य द्वारा रू0 25,000/– की राशि की सुरक्षा निधि (Security Deposit), सोसायटी खाते में जमा करायी जायेगी। जिससे निर्माण के दौरान सोसाइटी की सड़क/फुटपाथ/नालियों/पाईपलाइन आदि को पहुँची क्षति का मरम्मत कार्य कराया जायेगा। शेष बची राशि सदस्य को निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त दो (2) माह में वापस कर दी जायेगी।

(ब) **खाली प्लॉट की सफाई दर का निर्धारण.** सभी खाली प्लॉट की सदस्य द्वारा त्रेमासिक सफाई कराई जायेगी। सदस्य द्वारा सफाई न करने पर सोसायटी द्वारा सफाई करने पर निम्नानुसार दर वसूल किया जायेगाः–

(i)	800	वर्ग गज तक के प्लॉट	–	रू0 1200/–
(ii)	800–1200	वर्ग गज तक के प्लॉट	–	रू0 1600/–
(iii)	1200	वर्ग गज तक के प्लॉट	–	रू0 2000/–

(स) **धर के मलबे उठाव हेतु दर निर्धारण.** वर्तमान सफाई व्यवस्था के तहत सोसाईटी द्वारा केवल हरे कचरे के उठाव का कार्य नियमित रूप से

किया जाता है। कई सदस्यों द्वारा कचरे के अलावा घर का मलबा (Building Waste) एवं अन्य कचरा भी अपने घरों के सामने फेंक दिया जाता है, जो सोसाईटी क्षेत्र में गंदगी का मुख्य कारण है। अतः यह प्रस्तावित है कि ऐसा कचरा फेंकने पर समिति सदस्य को 24 घण्टे में कचरा हटवाने हेतु लेख करेगी तथा सदस्य द्वारा कचरा न हटाने की स्थिति में ऐसा कचरा समिति द्वारा सदस्य के खर्चे पर उठाया जायेगा। कचरा उठाने के लिए निम्नानुसार राशि वसूल की जायेगीः–

(i) साईकिल रिक्शा लोड कचरा – रू0 500/–

(ii) छोटा हाथी (मिनी ट्रक) लोड – रू0 1000/–

2. कृपया उपरोक्त निर्देशों का कडाई से पालन करने का कष्ट करें।

देवेन्द्र कुमार

Secretary
Doon Welfare Officer Co-op
Housing Society Ltd Dehradun
सचिव

प्रतिलिपिः–

श्री चन्द्रमणी पेटवाल – 1. सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. कृपया निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

12 सितम्बर 2022 को यह सर्कुलर सोसायटी के सदस्यों को एवं डेलिगेट ग्रुप में Whatsapp द्वारा प्रेषित किया गया,